## खबर संक्षेप

### गर्मी बढ़ी, बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी के मौसम के बिजली की मांग बढ़ जाती है जिसको लेकर बिजली कंपनी को पहले ही तैयारी करनी होती है लेकिन अभी से ही उत्तरी दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली टाटा पावर डीडीएल के क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती के साथ ही अघोषित बिजली कटौती भी शुरू हो गई है। ताजा मामला नरेला क्षेत्र से सामने आया है। यहां प्रतिदिन बिजली का करीब एक घंटे कट रहा है, साथ ही कई बार बिजली उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कट का भी सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हर रोज सुबह करीब पांच बजे ही बिजली कट हो रहे हैं, जिसके चलते पानी की सप्लाई भी प्रभावित होती है। स्कूली बच्चों के साथ नौकरी पेशा वर्ग को सुबह बिजली कटौती के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पुराने एसी को बदलवा कर सकते हैं पैसे की बचत : बीएसईएस

नई दिल्ली। गर्मियों में उपभोक्ताओं की बिजली खपत काफी बढ़ जाती है और इसमें पुराने एयर कंडीशनर्स का बड़ा योगदान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए बीएसईएस ने नामी एयरकंडीशनर कंपनियों के साथ मिलकर, अपने उपभोक्ताओं के लिए एसी रिप्लेसमेंट स्कीम शुरू की है। इसके तहत उपभोक्ता, अपने पुराने एसी को एक्सचेंज करके, कम बिजली की खपत करने वाले, नए, फाइव-स्टार एसी घर में लगवा सकते हैं। नए एसी पर उन्हें 63 प्रतिशत तक का डिस्काउंट मिल सकता है। यह स्कीम लिमिटेड पीरियड के लिए है। बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक-सामान्यतया यह देखने में आया है कि एक उपभोक्ता के कुल बिल का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा उसके कूलिंग लोड का होता है। बीएसईएस की ऐसी स्कीम एक डिमांड साइड मैनेजमेंट से जुड़ी पहल है, जिससे उपभोक्ताओं की बिजली खपत में कमी आएगी और पर्यावरण को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी।

### यूरोपीय देशों में प्रतिबंध के बावजूद भी केंद्र ने कोविशील्ड वैक्सीन की क्यों दी अनुमति : सौरभ

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को केंद्र से सवाल किया कि उसने कोविशील्ड वैक्सीन को अनुमति क्यों दी, जबकि अधिकांश यूरोपीय देशों ने इसके दुष्प्रभावों के कारण इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में सौरभ ने कहा कि कुछ दिनों पहले यूके के एक कोर्ट में एस्ट्राजेनेका जिसने भारत में कोविशील्ड दी उसने कहा कोविशील्ड वैक्सीन से नुकसान हो सकते हैं, जिसके कारण खून के थक्के जमते हैं और ब्रेन हेमरेज, ब्रेन स्ट्रोक या हार्ट अटैक हो सकता है। अब पूरी दुनिया से कोविशील्ड को वापस ले लिया जा रहा है। जब मार्च 2021 में यूरोप के बड़े-बड़े देशों ने इसका इस्तेमाल बंद कर दिया तो भारत की सरकार ने कोविशील्ड को देश में इतना प्रमोट क्यों किया। क्या भारत सरकार लोगों को मुआवजा देगी। क्या एस्ट्राजेनेका से उन लोगों के लिए मुआवजा नहीं लेना चाहिए जैसे यूके सरकार ले रही है।

### भाजपा के स्टार प्रचारकों ने की प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील


# नितिन गड़करी, खट्टर और राठौर ने किया भाजपा प्रत्याशियों की जनसभा को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बुधवार को भाजपा के केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल नितिन गड़करी, मनोहर लाल खट्टर और राज्यवर्धन सिंह राठौर ने विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए जनता से अपील की। नई दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने कहा कि दिल्ली में अनेकों कार्य मोदी सरकार ने किए हैं और दिल्ली को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 65 हजार करोड़ की परियोजनाओं में से करीब 30 हजार करोड़ की परियोजनाएं पूरी हुई हैं और बाकी पर कार्य जारी है।

हमनें दिल्ली को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ा है और इसके चलते दिल्ली में तेजी से बदलाव आ रहें हैं। लाखों की संख्या में फ्लेट बन रहे हैं। मार्गो का सुधार ही नहीं किया है बल्कि जल मंत्रालय संभालने के दौरान दिल्ली की यमुना जी के लिए परियोजनाएं बनाई है। नई दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है, कि दिल्ली की जनता भाजपा को सभी सीटों पर विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य के संकल्प को चरितार्थ करने में अपना योगदान अवश्य देगी।





### जनहित की योजनाओं को आधार बनाकर वोट मांग रही है भाजपा : मनोहर लाल

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार बुराड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में सृजनात्मक दूरगामी परिणाम देने वाली जनहित की योजनाओं को आधार बनाकर वोट मांग रही है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन की सारी विपक्षी पार्टियों के पास देश हित के लिए कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के विकास कार्य बताने के लिए एक लंबी सूची है। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने कहा कि गठबंधन के पास दो नारों भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशाल्लाह इशाल्लाह और तुम कितने अफजल मारोगे हर घर से अफजल निकलेगा के लिए कुख्यात और बदनाम प्रत्याशी है। इसका फैसला जनता जनार्दन ने करना है, राष्ट्रवाद या राष्ट्र को तोड़ने वाली शक्तियों का समर्थन मनोहर लाल खट्टर ने करते हुए कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य सबको साथ लेकर सबके विकास की रचना करना अंत्योदय के सपने को साकार करना है। वहीं, उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने इस संसदीय क्षेत्र में मोदी सरकार के विकास कार्यों को गिनाया और आगामी परियोजनाओं की जानकारी दी।

### 2024 का चुनाव घोटालेबाजों की राजनीति खत्म करेगा : राठौर

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के लिए बुधवार को राजस्थान के मंत्री राजवर्धन सिंह राठौर ने एक विशाल रोड शो में शामिल होकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों को मतदान करने अपील की। राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा कि 2024 का चुनाव घोटालेबाजों, परिवारवादी राजनीति करने वालों की राजनीति खत्म कर 2047 के विकसित भारत की नींव रखने के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का अवसर है।

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, की चर्चा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को पश्चिम दिल्ली प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में हरि नगर में



आयोजित सिख सम्मेलन को सम्बोधित किया तो उत्तर पश्चिम जिले में विशाल महिला सम्मेलन में भाग लेकर मोदी सरकार के महिला सशक्तिकरण का उल्लेख किया और नरेला में किसानों की सभा को भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश मीडिया विभाग द्वारा आयोजित 'लंच पर चर्चा' कार्यक्रम में दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकारों से सामयिक विषयों पर चर्चा की जिसमें पार्टी नेता विजेन्द्र गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नसीब सिंह, नीरज बसोया, अमित मलिक, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग और सभी संसदीय क्षेत्रों के प्रभारी सम्मिलित हुए। पश्चिम दिल्ली प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में हरि नगर में आयोजित सिख सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपील करते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई, देश की सीमाओं की रक्षा एवं देश के नवनिर्माण में योगदान देने वाली सिख कौम भारत की एकता अखण्डता बनाये रखने के लिए इस चुनाव में भाजपा का साथ दे।

## आप अपने प्रचार के चौथे चरण में जनता तक पहुंचाएगी सीएम केजरीवाल के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) लोकसभा चुनाव प्रचार के चौथे चरण की शुरुआत 13 मई से करेगी। इस चरण आप जनता तक अरविंद केजरीवाल के कामों को जनता तक पहुंचाएगी। इस बात की जानकारी बुधवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में दी है। राय ने बताया कि 13 से 23 मई तक चलने वाले कैंपेन के दौरान समाज के चार अलग-अलग तबके को टारगेट किया जाएगा। कैंपेन की शुरुआत पूर्वी दिल्ली में ट्रेड टाउन हॉल, पश्चिमी दिल्ली में ग्रामीण पंचायत, नई दिल्ली में महिला संवाद और दक्षिणी दिल्ली में पूर्वांचल समागम से की जाएगी। हमारा यह कैंपेन सभी लोकसभा क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर होगा, जिसमें हम जनता को बताएंगे कि पिछले 9 सालों में केजरीवाल सरकार ने आपके सर्वांगीण विकास के लिए क्या-क्या काम किया है? वहीं, हमारा पहले से चल रहा चुनावी कैंपेन डोर-टू-डोर, 'जेल का जवाब वोट से' संकल्प सभा और सुनीता केजरीवाल का रोड शो जारी रहेगा।



- 13 से 23 मई तक चलने वाले प्रचार के चौथे चरण के दौरान आम आदमी पार्टी समाज के चार अलग-अलग तबके को करेगी टारगेट : राय

### 'हर राज्य में भाजपा की सीटें हो रही हैं कम'

गोपाल राय ने बुधवार को प्रैसवार्ता में कहा कि मंगलवार को भारत में तीसरे चरण का चुनाव संपन्न हुआ है। इन चरणों में लोकसभा की कुल आधे से ज्यादा सीटों पर मतदान हो चुका है। पूरे देश से जो खबरें आ रही हैं, उससे ये पता चल रहा है कि देश की जनता को बीजेपी का 400 पार का नारा पसंद नहीं है। देश किसी भी कीमत पर संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने के बीजेपी के गुप्त मिशन को कामयाब नहीं होने देगा। इसके संकेत साफ तौर पर तीन चरणों के मतदान में दिख रहे हैं। जिन राज्यों में बीजेपी को पिछली बार जितनी सीटें मिली थीं, इस बार हर जगह उनकी सीटें कम हुई हैं। बीजेपी को भी पहले से ये बात पता थी इसलिए बीजेपी जिन नए राज्यों में अपने पैर पसारने की कोशिश कर रही थी, वहां पर भी उसे जनता स्वीकार नहीं कर रही है।

### केजरीवाल के जेल में रहने के बावजूद 'आप' का चुनाव प्रचार है मजबूत

गोपाल राय ने कहा कि इन्होंने सोचा था कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, लेकिन जिस तरह से दिल्ली की जनता और आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और साथियों ने मिलकर एकजुटता के साथ इनकी तानाशाही का मुकाबला किया है। इस गिरफ्तारी ने आम आदमी पार्टी को और ताकत और एकता दी है।

इसने हमें संघर्ष करने की और हिम्मत दी है। लेकिन हमें इस बात की खुशी है कि आज अरविंद केजरीवाल भले ही जेल में हैं, लेकिन दिल्ली में इस वक्त आम आदमी पार्टी का चुनाव प्रचार दूसरी पार्टियों की तुलना में अधिक मजबूती से चल रहा है।

## दोबारा भाजपा छोड़ने के बजाय राजनीति छोड़ दूंगा : लवली



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से हाल में इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा छोड़ने के बजाय राजनीति छोड़ देंगे। लवली पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, नसीब सिंह और अमित मलिक सहित प्रदेश कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पिछले सप्ताह भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे पहले भी लवली 2017 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि, कुछ महीनों के भीतर वह 2018 में वापस कांग्रेस में लौट आये थे। तब से वह कांग्रेस में थे और हाल में दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पसंद को लेकर पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के चलते उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी। लवली ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि पिछली बार मैंने गुस्से के कारण कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया था। हालांकि, इस बार हमने ठंडे दिमाग और बहुत सोच-विचार के साथ फैसला किया है। अब हम यहीं (भाजपा में) राजनीति करेंगे या पार्टी छोड़ने के बजाय राजनीति छोड़ देंगे। लवली के साथ मौजूद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि लवली और अन्य नेता पार्टी में अपनी भूमिका तय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। लवली ने कहा कि किसी भी पार्टी में कार्यकर्ता की भूमिका सबसे अहम होती है और पार्टी उन्हें जो निर्देश देगी, वह उस भूमिका को निभाएंगे और पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। लवली दिल्ली लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में दिल्ली कांग्रेस के कई अन्य नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजकुमार चौहान उत्तर पश्चिम दिल्ली में एक बड़े नेता हैं लेकिन उनका प्रभाव केवल उस निर्वाचन क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। इसी तरह, मैं और नसीब सिंह यमुनापार क्षेत्र में सक्रिय हैं जहां दो सीट हैं। यह सिर्फ शुरुआत है, अगर पार्टी अनुमति देगी तो (कांग्रेस के) हमारे अन्य मित्र भी शामिल हो जाएंगे।

## सहीराम पहलवान के साथ आतिशी ने कालकाजी में की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वरिष्ठ आप नेता आतिशी व दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने बुधवार को जेल का जवाब, वोट से कैंपेन के तहत गोविंदपुरी, कालकाजी में पदयात्रा की। इस अवसर पर आप नेता आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने 2 करोड़ दिल्लीवासियों को अपना परिवार माना है। उनकी हर जरूरतों में साथ खड़े रहे हैं। आज जब केजरीवाल को ज़रूरत तो पूरी दिल्ली उनके साथ खड़ी है। उन्होंने



कहा कि भाजपा भूल गई है अरविंद केजरीवाल सिर्फ मुख्यमंत्री नहीं है, दिल्ली वालों के लिए उनके बेटे, उनके भाई है, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से प्यार करते हैं। यही कारण है कि भाजपा ने एक केजरीवाल को गिरफ्तार किया तो आज दिल्ली के हर गली-मोहल्ले से हजारों केजरीवाल भाजपा की तानाशाही का मुंहतोड़ जबाव देने के लिए निकल पड़े है। और 25 मई को जनता भाजपा की तानाशाही और अत्याचार का सूपड़ा साफ करने के लिए, अपने भाई-अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर निकालने के लिए वोट देगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल की प्यार करते है। लोगों को पता है कि अरविंद केजरीवाल ही है जिन्होंने सरकारी स्कूलों को वर्ल्ड क्लास बनाकर आम लोगों के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दी। केजरीवाल ही है जिन्होंने दिल्ली के 2 करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है और उनके लिए शानदार अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक की व्यवस्था की है, शानदार स्वास्थ्य व्यवस्था दी है। महिलाओं को फ्री बस यात्रा दी है, बुजुर्गों के तीर्थयात्रा पर जाने का सपना पूरा किया है। दिल्ली के लोग जानते हैं कि केजरीवाल ही है जिन्होंने उनकी ज़िंदगी को बेहतर बनाने का काम किया है।

## चंदोलिया ने प्रशांत विहार में चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और निवासियों सहित समर्थकों के बीच, उत्तर पश्चिम संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार योगेन्द्र चंदोलिया ने प्रशांत विहार में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने मिलकर हवन किया। जय श्री राम का उद्घोष करते हुए लोगों ने हवन में भाग लिया। रोहिणी के विधायक और पूर्व भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने तीनों भाजपा पार्षदों के साथ इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने संबोधन में गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि योगेन्द्र चंदोलिया की आगामी चुनावों में शानदार जीत होगी। उन्होंने रोहिणी के



निवासियों की भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए रोहिणी की जनता नरेंद्र मोदी को ही देखना चाहती है। इस कार्यक्रम में रोहिणी विधानसभा के पूर्व पार्षद, विधायक और सम्मानित व्यक्तित्व मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया।

### एबीवीपी : अदिति महाविद्यालय में संगोष्ठी का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शत प्रतिशत मतदान को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अदिति महाविद्यालय में बुधवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में उपस्थित एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल एवं अदिति महाविद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने छात्रों को शत-प्रतिशत मतदान राष्ट्रहित में करने के लिए आग्रह किया। एबीवीपी ने शत प्रतिशत मतदान के लिए पोस्टर का विमोचन एवं कॉलेज परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। एबीवीपी द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में अदिति महविद्यालय के हर एक विषय से छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी ली। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। इस महापर्व में हमें सबको साथ में लेते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आगे आना चाहिए एवं अपने आस पास लोगों से भी मतदान अवश्य कराना चाहिए। विद्यार्थी परिषद विभिन्न प्रयासों के माध्यम से प्रयास कर रही है कि युवा मतदान के प्रति जागरूक हो सकें।

### डीयू में 'रन फॉर विकसित भारत' के आयोजन पर डीयू कुलपति ने किया आह्वान

# 'खुद भी वोट डालें और 10-10 लोगों को वोट के लिए प्रेरित करें विद्यार्थी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी विद्यार्थी खुद भी वोट डालें और 10-10 लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय में आयोजित 'रन फॉर विकसित भारत' को झंडी दिखाने से पहले बतौर मुख्य अतिथि उक्त संबोधन दिया। इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों एवं विभागों से 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ का आयोजन सुबह 7 बजे विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से किया गया था जो गेट नंबर 4 से होते हुए विश्वविद्यालय के





खेल परिसर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और फिल्म अभिनेता एवं डीयू के एआरएसडी कॉलेज के पूर्व छात्र राजकुमार राव बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। दौड़ के दौरान पीने के पानी से लेकर एंबुलेंस तक की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा, खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल, डीन कल्चर काउंसिल प्रो. रविंदर आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि आपके इस कार्य से लोकतंत्र मजबूत होगा और अगले 25 साल में देश में बहुत कुछ अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि आप लोग जब अच्छा करेंगे तभी देश के लिए अच्छा होगा।

### 'देश हमसे है, हमें ही बनाना है इसे अच्छा'

कुलपति ने कहा कि ये देश हमसे है; हमें ही इसे अच्छा बनाना है और अपना-अपना योगदान देना है। हमें शिकायत करने वाला नहीं बनना है, बल्कि अपने जीवन में देने वाला बनना है। कुलपति ने मंचासीन बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और फिल्म अभिनेता राजकुमार राव का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे इन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है, आप सब भी अपनी जिन्दगी में देश का नाम ऊंचा करने का प्रण लें। प्रो. योगेश सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने में सभी बच्चे अपनी भूमिका खोजें। देश को आप सबकी बहुत जरूरत है। 'रन फॉर विकसित भारत' में एनसीसी और एनएसएस सहित करीब 5 हजार विद्यार्थी, विभिन्न कॉलेजों से नोडल ऑफिसर और स्पोर्ट्स शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

### डॉ के. एल. जोहर की दो पुस्तकों का विमोचन

**नई दिल्ली।** भारत पहले स्लेव इंडिया था, फिर हुआ फ्री इंडिया और अब न्यू इंडिया है। इन तीनों को अपने-अपने काल में समाज सुधारक चाहियें थे। अगर उन समाज सुधारकों से सीख कर अपने मन में हम राष्ट्रप्रेम का भाव नहीं ला पाते हैं, तो यह सबसे बड़ी कमी है। यह शब्द दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहे। प्रो. सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के कान्वेंशन हाल में एक पुस्तक विमोचन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ के. एल. जोहर की दो पुस्तकों 'इंडियाज़ ग्रेटेस्ट रिफॉर्मर्स - 51 एक्स्ट्राऑर्डिनरी स्टोरीज़' और 'थ्री स्टैलर रिवॉल्यूशनरीज हू रैटल्ड ब्रिटिश इंडिया' का लोकार्पण किया गया। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि कहा कि 'अक्षर कभी क्षर नहीं होते', जो पुस्तकें लिखी जाती हैं वे अमर होती हैं। उन्होंने कहा कि ये पुस्तकें भी हमारी प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

### दिल्ली नगर निगम आयोजित करेगा 'रन फॉर डेमोक्रेसी'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम आगामी 19 मई को 'रन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन कर रही है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार यह एक ऐसा आयोजन है जो दौड़ की भावना के माध्यम से लोकतंत्र के सार को जश्न मनाता है। यह एक ऐसा मंच है जो जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ आने और समानता, स्वतंत्रता और भागीदारी के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। निगम के अनुसार लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति अपना समर्थन दिखाने और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए इस रोमांचक दौड़ में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है, चाहे आप एक अनुभवी धावक हों या अभी शुरुआत कर रहे हों, 'रन फॉर डेमोक्रेसी' हर किसी को दौड़ने, दौड़ने या अधिक मजबूत बनने की दिशा में चलने के लिए स्वागत करता है।

## खबर संक्षेप

### पिता ने कहा-मैंने बेटी को नहर में फेंक दिया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के धीरज नगर स्थित में परिवार के साथ रह रहे एक युवक ने अपनी तीन साल की बेटी को आगरा नहर में फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पल्ला थाना की पुलिस नहर में बच्ची की तलाश करती रही। पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पत्नी नेहा के अनुसार तड़के साढ़े तीन बजे उसकी आंख खुली तो देखा कि पति बृजेश व बेटी रीतिका बिस्तर पर नहीं थी। पति ने बताया कि उसने रीतिका को आगरा नहर में फेंक दिया है।



### आत्मनिर्भर बनाने सिलाई केन्द्र का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रमुख एनजीओ शक्ति फाउंडेशन द्वारा इन्द्रप्रस्थ कालोनी में महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई-कढ़ाई केन्द्र की शुरुआत की। फाउंडेशन के आशु अरोड़ा व निमित चंदीला ने बताया कि उनकी एनजीओ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में निशुल्क सिलाई-कढ़ाई केन्द्र भी शुरू किया गया है।

### भगोड़ा घोषित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना प्रबंधक मुजेसर की टीम पुलिस चौकी संजय कॉलोनी ने जमीन के मामले में वर्ष 2022 में भगोड़ा घोषित हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नबाव खान को पुलिस टीम दिनेश कुमार, समय सिंह, हरीश कुमार ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव कुरैशीपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2015 में सरुरपुर में 11 लाख रुपए में जमीन खरीदी थी जिसकी आरोपी ने अपने नाम पर रजिस्ट्री कर ली थी जिसके लिए आरोपी ने एक 11 लाख रुपए का चेक दिया था।



### देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज की टीम ने देशी कट्टे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विशाल मुजेसर फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर-4 से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-8 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अभी कुछ दिन पहले अपनी रिश्तेदारी में उत्तर प्रदेश गया था।



---

अमृता अस्पताल पीठासीन अधिकारियों की बैठक

# चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र के आधार पर करें पोस्टल पेपर से मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में अमृता अस्पताल में पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गयाए जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान कर रहे थे।

एक दिवसीय ट्रेनिंग के दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को बेहतरीन रूप में सुचारू व्यवस्था के साथ चुनाव संपन्न करवाने की टिप्स दी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आम लोकसभा चुनाव-2024 में चुनाव आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना के लिए ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र के जरिए पोस्टल पेपर से मतदान करें। उन्होंने लोकसभा चुनाव से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले अधिकारी आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए ईडीसी अथवा पोस्टर बैलेट के द्वारा अपना मतदान अवश्य करें।



### चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारी फार्म नंबर 12 व 12ए भरकर सुविधा केंद्र पर जमा करें

सीईओ ने बताया कि अमृता अस्पताल में प्रशिक्षण ऑडिटोरियम में सुविधा केंद्र भी स्थापित किया गया है। जिसमें चुनाव ड्यूटी से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपना आवेदन फार्म नंबर 12 और 12ए को भरकर उक्त सुविधा केन्द्र पर जमा करवा सकते है तथा वहीं से अपना पोस्टर बैलेट अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में एक-एक वोट की कीमत होती है। प्रत्येक मतदाता को अपना वोट अवश्य डालना चाहिए। ताकि लोकतंत्र प्रणाली को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे भी आगामी 25 मई को होने वाले लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

---

भाजपा प्रत्याशी ने होडल क्षेत्र के गांवों में किया जनसंपर्क

# गुर्जर ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने गांव गढ़ी, बेढ़ा, भिडूकी, रामगढ़, लिखी, सीहा, मित्रौल आदि में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इन जनसभाओं में मौजूद हजारों की भीड़ ने एक स्वर में गुर्जर के पक्ष में उन्हें लगातार तीसरी बार संसद भेजने का संकल्प लिया।

**खास बातें**

- गढ़ी, बेढ़ा, भिडूकी, रामगढ़, लिखी, सीहा, मित्रौल में चुनावी जनसभा
- ग्रामीण अंचल को भाजपा ने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने होडल विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा करके लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को अपने दस वर्षीय संसदीय कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यो की जानकारी देते हुए अपने लिए समर्थन मांगा और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से होडल के विधायक जगदीश नायर मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने गांव गढ़ी, बेढ़ा, भिडूकी, रामगढ़, लिखी, सीहा, मित्रौल आदि में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इन जनसभाओं में मौजूद हजारों-हजारों की भीड़ ने एक स्वर में श्री गुर्जर के पक्ष में उन्हें लगातार तीसरी बार संसद भेजने का संकल्प लिया। गांवों में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को युवा ब्रिगेड द्वारा मोटरसाइकिलों के काफिले के माध्यम से सभा स्थल तक लाया गया, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

जनसभाओं में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि गांवों में भारत बसता है और इसी सोच को सार्थक करते हुए भाजपा सरकार ने ग्रामीण आंचल को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। होडल क्षेत्र के गांवों में लोगों को शहरों की तर्ज पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। जगमग योजना के तहत जहां गांवों में चौबीस घण्टे बिजली आपूर्ति दी गई, वहीं रेनीवेल योजना के तहत मीठे पानी की आपूर्ति करके लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में गांवों में विकास के नाम पर केवल घोटाले होते थे, लेकिन मोदी सरकार में अगर एक रुपया विकास के लिए मंजूर हुआ है, तो वह विकास के लिए ही खर्च होगा। कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय में बढ़ोतरी करके उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करने का काम किया, उनकी फसलों का उन्हें उचित मूल्य दिया, देश का अन्नदाता मोदी सरकार की नीतियों से लाभान्वित होकर बेहतर तरीके से अपना जीवन यापन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले करीब चार करोड़ लोगों को मोदी सरकार ने मकान बनवाकर उन्हें छत देने का काम किया वहीं दलित, पिछड़े और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाया गया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि अगर वह अपने देश को सुरक्षित हाथों में रखना चाहते है तो आने वाली 25 मई को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर ज्यादा से ज्यादा भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें।

---

# मैंने कभी भी मेवात और दूसरे जिलों में फर्क नहीं किया : राव इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुन्हाना, नूंह/गुरुग्राम

मेवात के लोग जाति, धर्म को छोड़कर मेरा एक बार साथ दें मैं मेवात को ब्याज सहित लौटा दूंगा। मेवात की जनता से गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में ये बात कही। वे बुधवार को पुन्हाना विधानसभा के गांव पिनगवां शहर, ग्रामीण, हिंगनपुर रायपुर, पैमाखेड़ा, बीसरू, इंडाना, बिंछोर, नई रोहिंग्या कलां, पुनहाना कार्यालय मैं चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुड़गांव लोकसभा बनने के बाद मैं चौथी बार गुड़गांव लोकसभा से चुनाव लड़ रहा हूं और चारों ही जीते हैं, लेकिन मेवात के मतदाताओं का साथ के साथ इंतजार आज भी है। राव ने कहा कि

- नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन की डीपीआर तैयार, जल्द होगा काम शुरू
- मेवात का साथ मिले तो जीत का बना दूंगा नया रिकार्ड



गुड़गांव लोकसभा से सांसद बनने के बाद उन्होंने कभी भी मेवात और दूसरे जिलों में फर्क नहीं किया। यहां के लोग जब भी उनसे मदद मांगने पहुंचे उन्होंने बिना भेदभाव विकास के लिए मदद की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने मेवात के युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए विवाद की धरती से 1 लाख करोड़ का दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस निकाला है। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जिला परिषद अध्यक्ष जान मोहम्मद , जाहिद हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

सेंट्रल सिटीजन सुपरवाइजरी कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

# नगर निगम के द्वारा प्रत्येक जोन में सिटीजन सुपरवाइजरी कमेटी का किया जाएगा गठन

*इच्छुक व्यक्ति 22 मई तक ई-मेल पर भेज सकते हैं आवेदन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सफाई व्यवस्था व कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत मौजूदा सेंट्रल सिटीजन सुपरवाइजरी कमेटी के अलावा, अब जोन वाइज सिटीजन सुपरवाइजरी कमेटियों का भी गठन किया जाएगा। उक्त निर्णय नगर निगम कार्यालय में अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सेंट्रल सिटीजन सुपरवाईजरी कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में बताया गया कि नगर निगम गुरूग्राम के चारों जोनों में 5 सदस्यीय सिटीजन सुपरवाइजरी कमेटी का गठन किया जाएगा। इसमें संबंधित संयुक्त आयुक्त कमेटी के अध्यक्ष होंगे तथा 4 अन्य सदस्य शामिल किए जाएंगे। इनमें 2 महिला तथा 2 पुरुष सदस्य होंगे। जोन वाइज सिटीजन सुपरवाईजरी कमेटी का सदस्य बनने के लिए आवेदक को अपने जोन के किन्हीं 10 नागरिकों की प्रस्तावना भेजनी अनिवार्य होगी। सदस्यों के चुनाव में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी तथा ड्रा के माध्यम से उनका चुनाव किया जाएगा। जोन वाइज सिटीजन सुपरवाइजरी कमेटी में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति 22 मई 2024 तक अपने आवेदन ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं।

---

स्कूल एलायंस के प्रधान शर्मा ने कहा

# निजी संस्थानों को ब्लैकमेल करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नेशनल प्राइवेट स्कूल एलायंस के प्रधान कुलभूषण शर्मा ने फरीदाबाद में प्रदेश की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से मुलाकात की। इस मौके पर शर्मा ने शिक्षा मंत्री से निजी स्कूल संस्थानों की समस्याओं के मुद्दे को लेकर बातचीत की।

उन्होंने हरियाणा के निजी स्कूलों की समस्याओं को दूर करने व शिक्षा विभाग व अन्य विभाग के कार्यालय के अधिकारियों के द्वारा ब्लैकमेल किए जाने की बात करते हुए ऐसे में अधिकारियों पर सख्त एक्शन और एक टीम गठित कर जांच करवाने को कहा। प्रधान कुलभूषण शर्मा का कहना है कि उन्हें शिक्षा मंत्री हरियाणा श्रीमती सीमा त्रिखा से पूर्ण विश्वास और उम्मीदें हैं ।



---

स्विमिंग पूल में डूबने से हुई मौत का मामला

# शिकायत के बाद पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव तिलपत के स्वीमिंग पूल में तैरने के लिए गए युवक की डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। जिसकी शिकायत मृतक की मां सुमित्रा कौर ने थाना पल्ला में दी थी। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर ने कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। कार्रवाई करते हुए थाना प्रबंधक समेर सिंह की टीम ने आरोपी प्रवेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रवेश कुमार से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले करीब 2 साल से स्विमिंग पूल चला रहा है। आरोपी ने स्वीमिंग पूल की सरकार से कोई परमिशन नही ले रखी है।



आरोपी के स्वीमिंग पूल पर सुरक्षा के लिए कोई उपकरण नही है, कोई गार्ड नही है और ना ही कोई एम्बुलेंस की सुविधा है। आरोपी ने स्वीमिंग पूल को नियमों का उल्लंघन कर बनाया है। आरोपी से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

---

अब तक 10 लाख लोगों ने किया सफर

# नमो भारत तपती गर्मी में यात्रियों को करा रही आरामदायक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत ट्रेन तपती गर्मी में यात्रियों को आरामदायक यात्रा अनुभव करा रही है। ट्रेनों में अत्याधुनिक एयर कंडीशनिंग सिस्टम यात्रियों को चिलचिलाती गर्मी से बचाने में मददगार बन रहा है। पर्याप्त उन्नत कूलिंग क्षमता के साथ यह सिस्टम तपते तापमान के बीच भी नमो भारत ट्रेन के भीतर एक ताज़ा और ठंडा वातावरण सुनिश्चित करने में सक्षम है।

इसके साथ ही नमो भारत ट्रेनों में अब तक यात्रा करने वाले यात्रियों का आंकड़ा 10 लाख पहुंच चुका है। एनसीआरटी सी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि यात्रियों को आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए हर ट्रेन के कोच का तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रखा जाता है। हालांकि इसे मौसम के हिसाब से बदला भी जाता है। गर्मी, सर्दी और मानसून आदि में जरूरतानुसार ट्रेन के भीतर के तापमान में परिवर्तन किया जा सकता है। सबसे अधिक ठंडक की जरूरत गर्मी की मौसम में होती है। नमो भारत ट्रेन का एसी सिस्टम इसे देखते हुए ही डिजाइन किया गया है। सिर्फ युवा वर्ग ही नहीं, नौकरीपेशा लोग और वृद्धजन भी तपते मौसम में नमो भारत की सवारी करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। शुरुआत में 17 किलोमीटर के सेक्शन का उदघाटन अक्टूबर 2023 में किया गया था और उसके बाद मार्च 2024 से 17 किमी के सेक्शन को और परिचालित किया गया।



---

विश्व धर्म संसद का आयोजन दिसंबर में

# जिहाद की विभीषिका न समझने से ही विनाश की ओर तेजी से जा रही मानवता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि जिस तरह से भारत के प्रधानमंत्री को जगह जगह अपनी सभाओ में इस्लामिक जिहाद की चर्चा करनी पड़ रही है, ये बहुत ही चिंता की बात है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी सभाओं में वही सब कुछ कहा है जो हम पिछले अनेक वर्षों से कहते आ रहे हैं। आज प्रधानमंत्री की बात को गम्भीरता से लेकर इसका समाधान खोजने की जरूरत है।हमे यह भी समझना पड़ेगा कि इस्लामिक जिहाद किसी समुदाय विशेष,किसी क्षेत्र विशेष या देश विशेष की समस्या नहीं है बल्कि सम्पूर्ण विश्व के गैर मुस्लिमों की समस्या है और इसके समाधान के लिए विश्व स्तर के प्रयास अति आवश्यक है।विश्व धर्म संसद इसका रास्ता खोजने का कार्य करेगी इस अवसर पर हिंदूवादी विचारक विनोद सर्वोदय की अध्यक्षता में विश्व धर्म संसद के आयोजन के लिए पहली आधिकारिक बैठक का आयोजन हुआ। विश्व धर्म संसद का आयोजन 17,18,19,20 और 21 दिसंबर 2024 को शिवशक्ति धाम डासना में यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन के द्वारा अन्य संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा।



---

गुलाब वाटिका में बदमाशों ने एक मां-बेटे की हत्या कर फरार हो गए

पति ने ही किया मायके में पत्नी पर चाकू से हमला

# गाजियाबाद में 24 घंटों में दो महिलाओं समेत 3 की नृशंस हत्या, पुलिस जांच में जुटी, एक को हिरासत में लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में पिछले 24 घंटे के दौरान दो महिलाओं समेत तीन लोगों की सनसनीखेज तरीके से हत्या कर दी गयी। पहली हत्या थाना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में देर रात में एक महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई जबकि उसके पति को घायल कर दिया गया।

लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के गुलाब वाटिका कॉलोनी में बदमाशों ने एक मां-बेटे की हत्या कर दी और फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। इंदिरापुरम में मरने वाली महिला का नाम ज्योति है और उसके पति का नाम लंकेश है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि अभय खंड चौकी पर सूचना मिली कि मकनपुर में एक महिला व उसके पति पर चाकू से हमला किया है। पुलिस तत्काल पहुंची व जांच शुरू की । पता चला कि ज्योति अपने पति लंकेश के साथ मकनपुर में अपनी माता चंपा देवी के पास आई हुई थी। आपस में उनके बीच बात हो रही थी तभी बॉबी ने चाकू से ज्योति और लंकेश पर हमला कर दिया । ज्योति को तत्काल एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। वहीं लंकेश भी घायल हो गया। पुलिस ने बॉबी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। लोनी बॉर्डर की गुलाब वाटिका में घर में मां यशोदा देवी (65) और बेटे बिजेंद्र (35) का शव कमरे में बैड के ऊपर मिला है। दोनों के शव खून से लथपथ मिले हैं।



